ब्राह्मण समाज की 300 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया

गंगापुर सिटी, (निसं)। चाणक्य परिवार ब्राह्मण समाज द्वारा 17 वां ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह एवं ब्राह्मण सम्मेलन विजय पैलेस में आयोजित किया गया। इसमें समाज की सभी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मंच पर जगदीश प्रसाद शर्मा डीआईजी क्राइम ब्रांच जयपुर, लक्ष्मण गौड पूर्व आईजी राजस्थान पुलिस, पंडित सुरेश मिश्रा राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण महासभा, एस.के. चौधरी निदेशक शंकरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, विष्णु लाटा पूर्व मेयर जयपुर, कौशल भारद्वाज डिप्टी कमिश्नर सेल टैक्स, रतन लाल आजाद पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, सत्य नारायण तिवारी, सुशील दीक्षित, डॉ एस एन शर्मा व गोपाल शर्मा सरपंच गेरई, गोविंद दीक्षित डीईओ व गोपाल शर्मा पार्थ एजेन्सी थे। कार्यक्रम में मंच संचालन ब्राह्मण समाज अध्यक्ष हेमंत शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली समाज की लगभग 325 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। पंडित सुरेश मिश्रा ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण को 14 प्रतिशत बढाने के लिए सरकार से अनुरोध किया। साथ ही राजनीतिक क्षेत्र में भी ईडब्ल्यूएस से आरक्षण देने, ईडब्ल्यूएस की आय सीमा 8 लाख से बढकर 12 लाख करने की मांग की गई। पूर्व आईजी लक्ष्मण गौड ने कहा की चुनाव में समाज के लोगों को यदि किसी पार्टी से समाज का व्यक्ति चुनाव लड रहा है तो उसे प्राथमिकता प्रदान की जाए, उन्होंने कहा कि जो भी राजनीतिक पार्टी समाज को उचित प्रतिनिधित्व देगी समाज उसके साथ रहेगा। पूर्व मेयर जयपुर विष्णु लाटा ने कहा की इस प्रकार के आयोजन समाज में होते रहने चाहिए, इससे समाज की एकजुटता बढती है। सम्यक कोचिंग के देवेंद्र जोशी ने कहा कि समाज के प्रतिभावान युवाओं के लिए सम्यक कोचिंग निःशुल्क आरएएस एवं आईएस की तैयारी करवाएगी। शंकरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर एसके चौधरी ने तकनीकी शिक्षा में प्रवेश लेने पर बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा देने की बात कही। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज अध्यक्ष हेमंत शर्मा, श्याम सेवा, देवेंद्र पाठक, बालकृष्ण शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, राजेश आचार्य, दिलीप तिवारी, शिवचरण अन्ना, जितेंद्र शर्मा, विष्णु गुरुजी, जितेंद्र शर्मा, जितेंद्र उपाध्याय, सूर्य प्रकाश सी एल आई, कौशलकांत शर्मा, शिवचरण शर्मा, गोपाल सरकंडी, सुरेश शर्मा, युगल किशोर चतुर्वेदी, नरेश शर्मा, कौशल पाराशर, हनुमान द्विवेदी, आदित्य भारद्वाज, सत्य प्रकाश जैमिनी, योगेंद्र शर्मा पार्षद, नरेश शर्मा, महामंत्री कृष्णानंद दीक्षित, गोविंद दीक्षित टेंट, कौशल पाराशर भंडारी, गोविंद पाराशर पार्षद, दुर्गेश पाराशर, एमके शर्मा, राजेश शर्मा, सुनील शर्मा, संजय शर्मा, खुशीराम शर्मा, विष्णु शर्मा, शिवकुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार शर्मा, रवि शंकर उपाध्याय, अनिल कुमार शर्मा, मोतीलाल मुद्गल, पी पी पाठक, अशोक शर्मा टी स्टॉल, महेंद्र शर्मा सूरसागर, डॉक्टर अरविंद दीक्षित, विजेंद्र काडोल्या, ब्रजेश उपाध्याय, भूदेव शर्मा, सी बी शर्मा एसबीआई, अनिल कुमार शर्मा, जितेंद्र शर्मा, रमाकांत शर्मा, अमित शर्मा, दिनेश शर्मा, लोकेश गौतम, मदन मोहन शर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, हरिमोहन शर्मा, राजेंद्र सहजपुरा, अंकुश शर्मा, कपिल कौशिक गॉर्ड, प्रवीण शर्मा आदि समाज के लोग उपस्थित थे।

चाणक्य परिवार ब्राह्मण समाज द्वारा 17 वां प्रतिभा सम्मान समारोह एवं सम्मेलन आयोजित किया गया।

गायत्री महायज्ञ के लिए आमंत्रित किया

भरतपुर, (निसं)। चार दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के प्रचार प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत कृष्णा नगर, बृज नगर एवं अछनेरा रोड की कॉलोनियों में पीले चावल बांटकर व पैंपलेट के द्वारा यज्ञ के लिए लोगों को आमंत्रित किया गया। प्रचार प्रसार की टोली में अलवर से चौधरी चरनसिंह, मुरारीलाल शर्मा, मोहनलाल शर्मा, ज्ञानेंद्र शर्मा, नदबई से कैलाश चौधरी, भरतपुर से रामगोपाल, भगवानसिंह, डा.सुशील पराशर, कमलेश खटाना की टोली के द्वारा घर घर जाकर आमंत्रण दिया। रणजीत नगर मे महिला परिजनों ने दीप यज्ञ के माध्यम से गायत्री महायज्ञ का प्रचार प्रसार किया।

राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सर्किट बैंच का शुभारम्भ

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सर्किट बैंच का भरतपुर में सोमवार को कलक्ट्रेट परिसर में शुभारंभ हुआ। जिसका शुभारंभ तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ सुभाष गर्ग और आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह कच्छावा ने किया।

कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश राघवेन्द्र कच्छावा, जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष यतेन्द्र शर्मा सहित न्यायाधिकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित थे। शुभारंभ के अवसर पर तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. गर्ग ने कहा कि राज्य सरकार ने करीब 10 वर्ष पूर्व अजमेर व भरतपुर में राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की सर्किट बैंच स्वीकृत की थी लेकिन विभिन्न कारणों के वजह से यह शुरु नहीं हो सकी। राज्य सरकार ने विशेष रूचि लेकर इसे प्रारंभ कराया। जिसका लाभ परिवादी एवं अधिवक्ताओं को मिलेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भरतपुर में शीघ्र कॉमर्शियल कोर्ट भी शुरु हो जायेगा। जिसके आदेष जारी होने बाकी हैं। उन्होंने कहा कि न्यायालय का स्थाई भवन शीघ्र बनवाने का प्रयास किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह कच्छावा ने कहा कि भरतपुर में स्वीकृत सर्किट बैंच खोलने की मांग काफी दिनों से चल रही थी लेकिन तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने विशेष प्रयास कर इसे प्रारंभ कराया है और उन्हें विश्वास है कि न्यायालय के स्थाई भवन का निर्माण भी शीघ्र करा दिया जायेगा। प्रारंभ में जिला न्यायाधीश राघवेन्द्र कच्छावा ने सर्किट बैंच शुरु होने पर सभी को शुभकामनाऐं देते हुये कहा कि अब तक अधिवक्ताओं एवं परिवादियों को जयपुर आना जाना पडता था लेकिन अब बैंच शुरु होने के बाद परिवादियों को शीघ्र एवं सुलभ न्याय मिल सकेगा।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं सम्पन्न

हिण्डौन सिटी, (निसं)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बखतपुरा में मासलपुर ब्लॉक की 11 वर्ष आयु वर्ग की खेल कूद प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रविंद्र कुमार रावत आर पी ब्लॉक मासलपुर एवं निर्मल चंद्र शर्मा पीईईओ प्रभारी फतेहपुर रहे ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना के साथ हुआ व स्काउट गाइड के द्वारा अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। विद्यालय की गाइड ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।इससे पूर्व एथलेटिक्स प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए जिसमें 50 मी छात्र वर्ग में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मदनपुर जबकि छात्रा वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लेदौर कला विजेता रही व राजकीय प्राथमिक विद्यालय चंद्रसिंह पुरा उप विजेता रही है 100 मी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बखतपुरा छात्र वर्ग में विजेता एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लेदौर कला उप विजेता रही ।लंबी कूद में छात्र वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लेदौर कला प्रथम राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मदनपुर उप विजेता रही छात्रा वर्ग में राजकीय प्राथमिक विद्यालय चंद्रसिंहपुरा की टीम प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रही कार्यक्रम के समापन पर संयोजक एवं प्रधानाध्यापक मुकेश सारस्वत ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए प्रतियोगिता के दौरान दल प्रभारी एवं निर्णायक मंडल के द्वारा निभाई गई भूमिका की सराहना करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया ।

मुख्य अतिथि आरपी रविंद्र रावत ने विद्यालय में भामाशाह सहयोग को देखते हुए स्मार्ट टीवी लगाने हेतु पूर्ण प्रयास करने की घोषणा की अंत में प्रधानाध्यापक एवं प्रतियोगिता के संयोजक मुकेश सारस्वत ने उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद प्रेषित किया उल्लेखनीय की एथलेटिक्स की विजेता दल 21 सितंबर 2023 से आरंभ होने वाले जिला स्तरीय प्रतियोगिता राजकीय प्राथमिक विद्यालय निशाना बजाना सपोटरा में ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे।

'प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण करें'

करौली, (निसं)। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों मुख्यमंत्री कार्यालय, मानवाधिकार आयोग सहित अन्य दर्ज प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा मे निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होने बताया कि 6 माह से लंबित चल रहे प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण करें जिससे कि परिवादी को समय पर राहत मिल सके।

जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की आयोजित बैठक में समीक्षा कर रहे। उन्होंने बैठक मे विद्युत विभाग के अधिकारी को विद्युत सप्लाई मे आमजन को आ रही समस्याओं का समाधान करवाने,नगरपरिषद आयुक्त को शहर मे साफ सफाई,रोड लाईट सहित नालियों की सफाई करवाने के निर्देश दिये। उन्होने इसके अलावा पशुपालन, चिकित्सा,सहकारिता,शिक्षा,चिकित्सा,महिला एवं बाल विकास, उद्योग, सानिवि, समाज कल्याण,पेयजल सहित अन्य विभागों के कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई

भरतपुर (निस)। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत "स्वच्छता ही सेवा अभियान" कार्यक्रम के अन्तर्गत" स्वच्छता शपथ ग्रहण" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य मधु शर्मा ने एनएसएस स्वयंसेविकाओं, कार्यक्रम अधिकारियों व संकाय सदस्यों को स्वच्छता शपथ दिलाई तथा महाविद्यालय परिसर, अपने घर व आस-पास स्वच्छता रखने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी जगदीश कुमार ने स्वयंसेविकाओं को "स्वच्छता ही सेवा अभियान" के तहत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया तथा सभी स्वयंसेविकाओं को कपड़े के थैले बनाने हेतु प्रेरित किया जिनका वितरण लोगों को किया जाएगा।

कॉलेज समय प्रातः 10 बजे से करवाने की मांग

भुसावर, (निसं)। कस्बा भुसावर के आर्य महिला विद्यापीठ में बीएड एवं बीएसटीसी की दर्जनों छात्राओं द्वारा कॉलेज समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया।

छात्राओं ने बताया कि कॉलेज समय संस्था द्वारा प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया हुआ है। कॉलेज में आने वाली छात्राएं कई किलोमीटरों दूर से सफर कर विभिन्न परेशानियों का सामना करते हुए महाविद्यालय पहुँचती हैं। लेकिन महाविद्यालय में 10 मिनट के अन्तराल में ही वायोमैट्रिक मशीन को बन्द कर दिया जाता है जिससे छात्राओं की उपस्थिति नही हो पाती है। उक्त परेशानियों को देखते हुए महाविद्यालय का समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक करवाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया गया। जिसकी सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी अमृत मित्तल मौके पर पहुँचे और समझाइश की लेकिन बेटियां अपनी मांग पर अडी रहीं। जिसके बाद मौके पर उपस्थित मीडियाकर्मियों ने संस्था के मंत्री से दुरभाष पर बात की और बेटियों की और समस्या समाधान करने की बात कही। जिस पर उन्होने दो दिन बाद संस्थान के पदाधिकारियों की आयोजित होने जा रही बैठक में निर्णय लेने का आश्वासन दिया। तब जाकर छात्राओं ने प्रदर्शन समाप्त किया।

विधायक ने कुश्ती दंगल कार्यक्रम में शिरकत की

करौली, (निसं)। बड़िए बाबा के स्थान पर आयोजित वार्षिक लक्खी मेला में विशाल कुश्ती दंगल ग्राम परीता में डांग विकास बोर्ड अध्यक्ष करौली विधायक लाखन सिंह मीणा कटकड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

विधायक लाखन सिंह का ग्राम पंचायत परीता पहुंचने पर डीजे के साथ आतिशबाजी करते हुए जोरदार स्वागत किया गया विधायक लाखन सिंह ने कहा कि कुश्ती प्रतियोगिता हमारे देश में प्राचीन भारतीय कला है। उन्होंने कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी पहलवानों से परिचय प्राप्त किया जहां पर मेला आयोजन समिति सदस्यों सहित ग्राम पंचायत परीता के सर्व समाज के प्रमुख पंच पटेलों ने विधायक लाखन सिंह का माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

विशिष्ठ अतिथि जिला प्रमुख प्रतिनिधि रक्षी लाल बैरवा,करौली पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि जलधारी मीना,करौली एसडीएम रामावतार मीना रहे विधायक लाखन सिंह ने कहा कि मैने बिना किसी भेदभाव के सभी जगह विकास कार्य किए हैं। राजस्थान के मुख्य मंत्री अशोक गहलोत ने आमजन के हित मे बहुत अच्छा कार्य किया है जिससे आम जनता को लाभ मिल रहा है जितने विकास कार्य हुए हैं उनको आगे बढ़ाने के लिए आप लोगों को फिर से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनानी है। इस अवसर पर परीता सरपंच श्री मति राजन्ती मीना,पूर्व उप जिला प्रमुख प्रेम लखन मीना सहित ग्राम पंचायत परीता के सर्व समाज के प्रमुख पंच पटेलों सहित आम जनता की भारी भीड़ कुश्ती प्रतियोगिता को देखने के लिए उमड़ पड़ी।

करौली विधायक लाखन सिंह मीणा का परिता गांव पहुंचने पर पंच पटेलों ने माला-साफा पहनाकर स्वागत किया।

कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)

Email ID-lalsot.jaipur@yahoo.com Ph.-01431-260714

क्रमांक-न.पा.ला./कृ.भू.रू/2023/3899 दिनांक-18.09.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगर पालिका में निम्न आवेदकों द्वारा कृषि भूमि में पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है यदि उक्त आवेदन पर किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो पालिका में सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुंत करे बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

क्र.सं.	आवेदक का नाम व पता	खसरा नं. कस्बा व कॉलोनी नाम	वर्गगज	प्रयोजन
1	हंसराज गुर्जर पुत्र चौथमल गुर्जर लालसोट	132/2 कामड कॉलोनी लालसोट	54.44	व्यावसायिक
2	सुशील कुमार पुत्र चांदमल जैन लालसोट	1416, 1417 पुरोहित कॉलोनी लालसोट	22.22	आवासीय
3	रेखा खण्डेलवाल पत्नी रामप्रसाद खण्डेलवाल लालसोट	29/2 सुरक्षित नगर चांदसेन	117.5	आवासीय
4	मुकेश कुमार पुत्र चौथमल मीणा बिहारीपुर	329/36 सुरक्षित नगर चांदसेन	90	आवासीय
5	मदन मोहन पुत्र चौथमल वैध लालसोट	111 कोथून रोड लालसोट	99.15	व्यावसायिक
6	सुमन बैरवा पत्नी भारत लाल बैरवा, पूजा बैरवा पत्नी कमलेश बैरवा शाहपुरा	365/36 सुरक्षित नगर चांदसेन	341.73	आवासीय
7	प्रेम बिहारी पुत्र नानगराम शर्मा लालसोट	1215 गंगापुर रोड लालसोट	233.33	आवासीय
8	शिवकुमार पुत्र मुरारी लाल गुप्ता लालसोट	201 कमला नगर राजौली	138.75	आवासीय
9	सरोज पत्नी संतोष कुमार बटवाडा लालसोट	उपरोक्त	266.33	आवासीय
10	सविता पत्नी शिवकुमार बटवाडा लालसोट	उपरोक्त	283.63	आवासीय
11	संतोष कुमार पुत्र मुरारी लाल बटवाडा लालसोट	उपरोक्त	185.89	आवासीय
12	कैलाश चन्द्र पुत्र मुरारी लाल बटवाडा लालसोट	उपरोक्त	253.39	आवासी
13	आशा बटवाडा पत्नी कमलेश चंद बटवाडा लालसोट	उपरोक्त	320.66	आवासीय
14	विष्णु सैनी पुत्र बाबूलाल सैनी लालसोट	308 न्यू कॉलोनी लालसोट	165.45	आवासीय
15	अनीता देवी पत्नी कमलेश सैनी लालसोट	631 नेहरू कॉलोनी लालसोट	107.74	आवासीय
16	सावित्री सैनी पत्नी कानाराम सैनी लालसोट	उपरोक्त	108.07	आवासीय
17	मनभर देवी पत्नी रामधन सैनी लालसोट	उपरोक्त	108.76	आवासीय
18	विजय कुमार पुत्र रमेश चन्द लालसोट	580 श्री राम कॉलोनी लालसोट	29.37	व्यावसायिक
19	विष्णु कुमार पुत्र रमेश चंद खण्डेलवाल लालसोट	उपरोक्त	30.85	व्यावसायिक
20	छितरमल पुत्र देवीलाल महावर लालसोट	1421 पुरोहित कॉलोनी लालसोट	122.02	आवासीय
21	चित्रमय पुत्र देवीलाल महावर लालसोट	उपरोक्त	81.38	आवासीय
22	रामचरण, विनोद कुमार पुत्र रामजीलाल शर्मा डीडवाना	2381 बापू नगर लालसोट	165.87	आवासीय
23	प्रेमलता पत्नी बनवारी लाल उपाध्याय पिपलाई	2379 बापू नगर लालसोट	178	आवासीय
24	हरसहाय पुत्र भौरीलाल मीणा रालावास	194 आदर्श मीना कॉलोनी के पास लालसोट	133.33	आवासीय
25	हीरालाल पुत्र नंदराम महावर लालसोट	2490, 2491, 2492 श्रीराम वाटिका लालसोट	138.88	आवासीय
26	सुरेश चन्द रैगर पुत्र रामसहाय रैगर महाराजपुरा	365/36 सुरक्षित नगर चांदसेन	150	आवासीय
27	सुरेश चन्द रैगर पुत्र रामसहाय रैगर महाराजपुरा	उपरोक्त	150	आवासीय
28	मेघराज पुत्र गिरधारी योगी डीवारा	2121, 2125, 2131, 2132, 2157 2158 लक्ष्मी नारायण द्वितीय लालसोट	162.72	आवासीय
29	कविता मीना पत्नी शम्भू लाल मीना कानलोदा	उपरोक्त	227.5	आवासीय
30	सुरेश चन्द मीना पुत्र जगन्नाथ मीना नारोली चौड	2490, 2491, 2492, 2493 श्रीराम वाटिका लालसोट	138.88	आवासीय

उक्त आपत्ति आज दिनांक 18.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

(रक्षा मिश्रा)
अध्यक्ष
नगर पालिका लालसोट

(नमन शर्मा)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका लालसोट